C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 328 | बिजौलिया - बुधवार, 10 जून ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## निजी मोबाइल का बिल अब सरकारी खजाने से नहीं, सरकार ने जारी किए सख्त निर्देश

### वित्तीय अनियमितताओं पर रोक लगाने के लिए सामान्य प्रशासन विभाग की नई गाइडलाइन

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान सरकार ने सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग और वित्तीय अनियमितताओं पर लगाम लगाने के लिए बड़ा फैसला लिया है। अब सरकारी कर्मचारी और अधिकारी अपने निजी मोबाइल या घर के लैंडलाइन फोन का बिल सरकारी खाते से नहीं ले सकेंगे। सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने इस संबंध में नई गाइडलाइन जारी कर स्पष्ट कर दिया है कि बिना पूर्व अनुमति किसी भी निजी टेलीफोन या मोबाइल नंबर का भुगतान सरकारी मद से नहीं किया जाएगा। नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा सकती है।

दरअसल, राज्य सरकार के संज्ञान में आया था कि कई विभागों में अधिकारी और कर्मचारी सरकारी उपयोग के नाम पर निजी मोबाइल और घरों में लगे लैंडलाइन फोन के बिलों का भुगतान सरकारी खाते से प्राप्त कर रहे हैं। इसे देखते हुए सामान्य प्रशासन विभाग ने टेलीफोन सुविधाओं के उपयोग, नियंत्रण और भुगतान को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

विभाग द्वारा जारी आदेशों में कहा गया है कि जिस पद और स्थान के लिए सरकारी टेलीफोन सुविधा स्वीकृत की गई है, उसका उपयोग केवल उसी अधिकारी द्वारा किया जाएगा जो वर्तमान में उस पद पर कार्यरत है। अधिकारी के स्थानांतरण, पदोन्नति, सेवानिवृत्ति या अन्य कारणों से पद छोड़ने की स्थिति में संबंधित टेलीफोन सुविधा तत्काल विभागीय नियंत्रण में वापस ली जाएगी।

**ट्रांसफर के बाद सरकारी फोन रखना अब आसान नहीं**

नई गाइडलाइन के तहत स्थानांतरण के बाद सरकारी फोन या टेलीफोन सुविधा का उपयोग जारी रखना नियमों के विरुद्ध माना जाएगा। विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि ऐसे मामलों में तत्काल रिकॉर्ड अपडेट कर टेलीफोन सुविधा वापस ली जाए। इसके साथ ही निजी मोबाइल या लैंडलाइन को सरकारी उपयोग में दर्शाकर उसका भुगतान लेने की प्रवृत्ति पर भी पूरी तरह रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

**निजी नंबर का भुगतान तभी, जब मिले पूर्व स्वीकृति**

सामान्य प्रशासन विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी विशेष परिस्थिति में किसी अधिकारी या कर्मचारी को अपने निजी मोबाइल या टेलीफोन का उपयोग सरकारी कार्यों के लिए करना पड़ता है, तो इसके लिए पहले विभागीय स्वीकृति प्राप्त करनी होगी। बिना पूर्व अनुमति किसी भी निजी मोबाइल या टेलीफोन नंबर का भुगतान सरकारी खाते से नहीं किया जाएगा।



**समय पर बिल जमा नहीं करने वाले विभाग भी रडार पर**

सरकार ने यह भी माना है कि कई विभाग स्वीकृत सरकारी टेलीफोन कनेक्शनों के बिल समय पर जमा नहीं कराते हैं। इसके कारण अतिरिक्त सरचार्ज का भार बढ़ जाता है और कई बार कनेक्शन कटने की स्थिति भी बन जाती है। ऐसे मामलों को रोकने के लिए सभी विभागों को सरकारी कार्यालयों और सरकारी आवासों पर स्थापित टेलीफोन कनेक्शनों के बिलों का नियमित और समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं

**छह महीने बाद किया दावा तो नहीं मिलेगा लाभ**

नई गाइडलाइन में टेलीफोन और मोबाइल बिल के दावों के लिए समय-सीमा भी निर्धारित की गई है। आदेशों के अनुसार यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी टेलीफोन अथवा मोबाइल बिल का दावा कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से छह माह के भीतर प्रस्तुत नहीं करता है, तो उसे पूर्व अवधि का भुगतान नहीं मिलेगा। यानी यदि कोई कर्मचारी या अधिकारी लंबे समय तक बिल लंबित रखकर बाद में एकमुश्त भुगतान का दावा करता है, तो उसे उस अवधि का लाभ नहीं दिया जाएगा। ऐसे मामलों में भुगतान केवल आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि से ही मान्य माना जाएगा।

**वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता बढ़ाने पर जोर**

सामान्य प्रशासन विभाग का कहना है कि इन निर्देशों का उद्देश्य सरकारी धन के अनावश्यक खर्च को रोकना, संसाधनों के उपयोग में पारदर्शिता लाना और वित्तीय अनुशासन को मजबूत करना है। विभागों को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि वे टेलीफोन सुविधाओं से संबंधित रिकॉर्ड नियमित रूप से अपडेट रखें और यह सुनिश्चित करें कि सरकारी सुविधाओं का लाभ केवल पात्र अधिकारियों को ही मिले।

सरकार का मानना है कि नई व्यवस्था लागू होने के बाद निजी फोन बिलों के सरकारी भुगतान पर रोक लगेगी, विभागीय जवाबदेही बढ़ेगी और सरकारी संसाधनों के उपयोग में अधिक पारदर्शिता आएगी। साथ ही सरकारी टेलीफोन सुविधाओं का सही प्रबंधन सुनिश्चित होने से अनावश्यक खर्चों में भी कमी आएगी।

## लव मैरिज की रंजिश में खूनी हमला: बातचीत के बहाने बुलाया, दो भाइयों पर चाकू से वार



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

प्रेम विवाह को लेकर दो परिवारों के बीच लंबे समय से चल रही रंजिश खूनी संघर्ष में बदल गई। आरोप है कि युवती पक्ष के लोगों ने समझौते और बातचीत का बहाना बनाकर युवक को बुलाया और उस पर चाकू से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे उसके साथी को भी निशाना बनाया गया। हमले में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

घटना शहर के सुभाष नगर थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार नदीम नामक युवक ने कुछ समय पहले लव मैरिज की थी । शादी के बाद से ही युवती के परिजन इस रिश्ते से नाराज चल रहे थे। इसी को लेकर दोनों परिवारों के बीच लगातार विवाद और तनाव बना हुआ था।

जानकारी में सामने आया है की दूसरे पक्ष के लोगों ने नदीम को फोन कर बातचीत और समझौते के लिए बुलाया था। बातचीत के दौरान किसी तरह का विवाद न हो, इसलिए नदीम के साथ उसका भाई फरीन भी गया था। परिजनों का आरोप है कि दोनों जैसे ही तय स्थान पर पहुंचे, वहां पहले कहासुनी हुई और फिर अचानक उन पर हमला कर दिया गया।

आरोप है कि हमलावरों ने दोनों युवकों के साथ मारपीट करते हुए चाकू से कई वार किए। हमले में नदीम और फरीन गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़े। घटना के बाद दोनों ने किसी तरह अपने परिचितों और रिश्तेदारों को फोन कर मदद मांगी। सूचना मिलने पर परिजन और दोस्त मौके पर पहुंचे तथा घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है।

परिजनों का कहना है कि लव मैरिज के बाद से ही उन्हें लगातार विरोध और दबाव का सामना करना पड़ रहा था। कई बार दोनों पक्षों के बीच विवाद भी हुआ था, लेकिन इस बार बातचीत के नाम पर बुलाकर हमला किए जाने से मामला और गंभीर हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही सदर वृत्ताधिकारी (सीओ) भवानी सिंह पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।


## राजस्थान में यातायात नियम तोड़ने वालों पर पुलिस का बड़ा शिकंजा, एक दिन में 8,448 चालकों पर कार्रवाई

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

सुरक्षा को मजबूत बनाने और यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए राजस्थान पुलिस द्वारा प्रदेशभर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के आठवें दिन पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 8,448 वाहन चालकों के खिलाफ चालान एवं अन्य कानूनी कार्रवाई की। काली फिल्म, वीआईपी स्टाइल नंबर प्लेट, अवैध लाल-नीली बत्ती, प्रेशर हॉर्न, अनधिकृत शब्द लिखे वाहन और नियम विरुद्ध मॉडिफिकेशन वाले वाहन पुलिस के निशाने पर रहे।

महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार चलाए जा रहे इस अभियान की निगरानी डीजी ट्रैफिक अनिल पालीवाल कर रहे हैं। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस यातायात डॉ. बी.एल. मीणा ने बताया कि सड़क सुरक्षा और कानून पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रदेशभर में विशेष जांच अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके तहत वाहनों में अवैध संरचनात्मक परिवर्तन, अनधिकृत लाल-नीली बत्ती, फ्लैशर एवं स्ट्रोब लाइट, प्रेशर हॉर्न, काली फिल्म, नियम विरुद्ध नंबर प्लेट और वाहनों पर लिखे अनधिकृत शब्दों एवं चिन्हों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।





**काली फिल्म और वीआईपी नंबर प्लेट का सबसे ज्यादा क्रेज**

अभियान के दौरान सामने आए आंकड़ों से यह स्पष्ट हुआ कि सबसे अधिक लोग वाहनों पर काली फिल्म और नियम विरुद्ध नंबर प्लेट लगाकर कानून का उल्लंघन कर रहे हैं। पुलिस ने पूरे प्रदेश में 3,264 वाहनों पर लगी काली फिल्म के खिलाफ कार्रवाई की। वहीं वीआईपी स्टाइल और नियम विरुद्ध नंबर प्लेट लगाने वाले 2,079 वाहन चालकों पर भी कार्रवाई की गई। इसके अलावा अपनी गाड़ियों पर जाति, पद, संगठन या अन्य अनधिकृत शब्द लिखकर चलने वाले 1,204 लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। वाहन की चेसिस या बॉडी में बिना अनुमति बदलाव करने वाले 861 वाहनों को भी पुलिस ने चिन्हित कर कार्रवाई की।

**बत्तीबाजों और प्रेशर हॉर्न वालों पर भी चला डंडा**

सड़क पर रौब झाड़ने के लिए लाल-नीली बत्ती, फ्लैशर और हूटर लगाने वालों पर भी पुलिस ने शिकंजा कसा। राज्यभर में 544 ऐसे मामले सामने आए, जिनमें वाहनों पर अनधिकृत रूप से लाल-नीली बत्ती, फ्लैशर या हूटर लगाए गए थे। इन सभी मामलों में नियमानुसार कार्रवाई की गई।

इसके अलावा ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले 496 प्रेशर हॉर्न और एयर हॉर्न जब्त किए गए तथा संबंधित वाहन चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। पुलिस ने पटाखे जैसी तेज आवाज निकालने के लिए मॉडिफाई की गई बुलेट मोटरसाइकिलों के खिलाफ भी अभियान जारी रखा।

**कोटा रहा पहले स्थान पर**

कार्रवाई के आंकड़ों में कोटा शहर सबसे आगे रहा, जहां 572 मामलों में कार्रवाई दर्ज की गई। इसके बाद अजमेर में 416, बाड़मेर में 340, चित्तौड़गढ़ में 311 और भरतपुर में 309 कार्रवाई की गई।

भीलवाड़ा में 281, झुंझुनूं में 257, जयपुर ग्रामीण में 247 तथा उदयपुर में 215 मामलों में नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। वहीं जयपुर यातायात पुलिस ने 320 मामलों में और जोधपुर यातायात पुलिस ने 180 मामलों में कार्रवाई कर अभियान को गति दी।

**जागरूकता और कार्रवाई दोनों पर जोर**

महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा ने सभी पुलिस इकाइयों को सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों की पालना सुनिश्चित करने के लिए ऐसे अभियान लगातार जारी रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन केवल कानूनी बाध्यता नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामाजिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि राजस्थान पुलिस का उद्देश्य केवल चालान काटना नहीं, बल्कि लोगों में जागरूकता बढ़ाकर सुरक्षित और अनुशासित यातायात व्यवस्था स्थापित करना है। नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी और आमजन का जीवन अधिक सुरक्षित बन सकेगा।

## तेज रफ्तार वाहन मकान में घुसा, गाय की मौत, चालक घायल

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास।**

क्षेत्र के चांदगढ़ गांव में मंगलवार दोपहर बाद एक तेज रफ्तार वाहन अनियंत्रित होकर मकान में घुस गया, जिससे एक गाय की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वाहन चालक घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार बड़लियास की ओर से आ रहा वाहन चांदगढ़ निवासी भगवानलाल ओड के मकान के बाहर अनियंत्रित होकर टकरा गया। हादसे में मकान के बाहर बना लोहे का छपरा क्षतिग्रस्त हो गया तथा टीन की चादरें नीचे गिर गईं।

दुर्घटना के समय मकान के बाहर बैठी गाय वाहन की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। दुर्घटना में चालक भी घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।



सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर थाने ले गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने क्षेत्र में तेज रफ्तार एवं लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तथा यातायात नियमों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने की मांग की है।

## नाबालिग किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, पुलिस जांच में जुटी

**भीलवाड़ा फोकस @ हमीरगढ़**

**(अनिल डांगी)।** थाना क्षेत्र में 16 वर्षीय किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लिया तथा पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। थानाधिकारी सुनील कुमार बेड़ा ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है तथा परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर मामला आत्महत्या से जुड़ा प्रतीत हो रहा है, लेकिन पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।

उन्होंने बताया कि फिलहाल मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं जांच के आधार पर ही वास्तविक स्थिति सामने आ सकेगी।घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त है।

## पारोली के निकट सड़क किनारे मिला युवक का शव, क्षेत्र में फैली सनसनी

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण**

**दिनेश पारीक ।** पारोली कस्बे के निकट गढ़ गेहूली माताजी के प्रवेश द्वार के पास मंगलवार दोपहर सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पारोली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। थाना प्रभारी सियाराम ने बताया कि मृतक की पहचान कस्बा निवासी चंद्रा भील के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में शव करीब दो दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। सूचना के बाद पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कोटड़ी अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया, जहां चिकित्सकों की टीम द्वारा पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

फिलहाल पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

C M Y K

# उमंग-7 अभियान के तहत 4 बच्चों को भिक्षावृत्ति से कराया मुक्त



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

राजस्थान पुलिस द्वारा बाल श्रम एवं बाल भिक्षावृत्ति उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे उमंग-7 अभियान के तहत टंकी के बालाजी मंदिर क्षेत्र से चार बच्चों को भिक्षावृत्ति से मुक्त कराया गया।

मुक्त कराए गए बच्चों को बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष चंद्रकला ओझा एवं सदस्य विनोद राव के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति के निर्देशानुसार बच्चों को आश्रय एवं देखभाल के लिए एवरेस्ट शेल्टर होम में रखा गया।

अभियान के तहत की गई कार्रवाई में मानव तस्करी विरोधी इकाई के उप निरीक्षक ओमप्रकाश सैन, सहायक उप निरीक्षक ईश्वर सिंह, कांस्टेबल किशन सिंह सहित जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग की टीम शामिल रही।

सहायक निदेशक धर्मराज पतिहार के निर्देशन में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के परियोजना समन्वयक हेमंत सिंह सिसोदिया, सुपरवाइजर आनंद कुमार सुमनारिया, नवाचार संस्थान के जिला समन्वयक जितेंद्र सिंह तोमर तथा रेस्क्यू ऑफिसर भगवत सिंह चारण ने संयुक्त रूप से कार्रवाई को अंजाम देते हुए बच्चों को भिक्षावृत्ति से मुक्त कराया।

## जहरीले जीव के काटने से महिला की मौत, उपचार के दौरान तोड़ा दम

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण**

**दिनेश पारीक** ।थाना क्षेत्र के सगतपुरिया गांव में जहरीले जीव के काटने से एक महिला की मौत हो गई। महिला की हालत बिगड़ने पर उसे पहले कस्बा स्थित अस्पताल और बाद में भीलवाड़ा रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

थाना पुलिस के अनुसार सगतपुरिया निवासी दिनेश कुमार भील ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी भाभी बदाम देवी (35) पत्नी भंवरलाल भील सोमवार रात घर पर सो रही थी। इसी दौरान रात करीब 9 बजे किसी जहरीले जीव ने उसे काट लिया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई।

परिजन महिला को तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे भीलवाड़ा रेफर कर दिया। भीलवाड़ा ले जाते समय रास्ते में बदाम देवी की मौत हो गई।

मंगलवार सुबह पुलिस की मौजूदगी में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कमजोर वर्गों को अधिक ऋण दें बैंकः जिला कलक्टर



**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

डीएलसीसी की मार्च-2026 तिमाही बैठक में जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने कमजोर वर्गों और महिलाओं को ऋण वितरण में कमी पर नाराजगी जताते हुए बैंकों को अधिक ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने पीएम स्वनिधि योजना के लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करने तथा खराब प्रदर्शन वाले बैंकों की जानकारी राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति को भेजने को कहा। साथ ही विभिन्न स्वरोजगार एवं उद्यम प्रोत्साहन योजनाओं के लंबित प्रकरणों को जल्द निपटाने पर जोर दिया।

अग्रणी जिला प्रबंधक अशोक कुमार पाण्डेय ने बताया कि जिले ने 2025-26 में प्राथमिकता क्षेत्र ऋण वितरण में 17,456.91 करोड़ रुपये देकर 100.11 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया।

बैठक में रुडसेट प्रशिक्षणार्थियों के लंबित ऋण प्रकरणों, बैंक मित्रों की निष्क्रियता और री-केवाईसी कार्यों की भी समीक्षा की गई। विभिन्न बैंकों एवं विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## उपखण्ड अधिकारी ने किया जनगणना 2027 फील्ड कार्य का निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**

भारत की आगामी जनगणना 2027 के तहत स्थानीय स्तर पर चल रहे फील्ड कार्यों का उपखण्ड अधिकारी तानिया रिणवा ने आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं एवं प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जनगणना कार्य में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उपखण्ड अधिकारी ने मुख्यालय क्षेत्र में तैयार किए जा रहे नजरी नक्शों, भवन सूचीकरण तथा मकान क्रमांकन कार्य का गहन अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर जाकर विभिन्न क्षेत्रों में लगाए जा रहे मकान नंबरों का नजरी नक्शे एवं अभिलेखों के अनुसार मिलान कराया तथा वास्तविक स्थिति का आकलन किया। इस दौरान उन्होंने यह भी देखा कि प्रत्येक भवन एवं परिवार का विवरण सही तरीके से दर्ज किया जा रहा है या नहीं।उपखण्ड अधिकारी ने जनगणना पर्यवेक्षक दीप शिखा माहेश्वरी एवं परीक्षित चतुर्वेदी से क्षेत्रवार प्रगति की जानकारी ली। वहीं प्रगणक देवेंद्र सिंह कानावत एवं पीरू मोहम्मद मंसूरी द्वारा किए जा रहे फील्ड कार्य का भी निरीक्षण कर आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि जनगणना देश की महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रिया है, इसलिए प्रत्येक जानकारी का संकलन पूरी सावधानी, पारदर्शिता एवं सटीकता के साथ किया जाना चाहिए।

निरीक्षण के दौरान नजरी नक्शों में दर्शाए गए मकानों एवं वास्तविक रूप से मौजूद भवनों का मिलान किया गया। उपखण्ड अधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की त्रुटि या विसंगति पाए जाने पर उसका तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आगामी जनगणना कार्य सुचारू रूप से संपादित हो सके। उन्होंने जनगणना कार्य में लगे कार्मिकों की सराहना करते हुए कहा कि फील्ड स्तर पर की जा रही मेहनत भविष्य में तैयार होने वाले जनगणना आंकड़ों की गुणवत्ता निर्धारित करेगी। इसलिए सभी कार्मिक पूरी जिम्मेदारी एवं निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इस अवसर पर व्याख्याता मनोज शर्मा तथा सहायक प्रशासनिक अधिकारी राकेश योगी भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी जनगणना कार्य की प्रगति का अवलोकन किया।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां तेज, जिला कलक्टर ने विभागों को सौंपी जिम्मेदारियां



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

21 जून को आयोजित होने वाले 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को जिलेभर में सफल एवं जनभागीदारीपूर्ण बनाने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने मंगलवार को आयोजित समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंपते हुए जिला, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर व्यापक स्तर पर योग कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि योग दिवस को जनआंदोलन का स्वरूप देने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। मुख्य समारोह के लिए चित्रकूट धाम में टेंट, मंच, साउंड सिस्टम, एलईडी वॉल, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं नगर निगम को कार्यक्रम स्थलों की साफ-सफाई, पेयजल, चल शौचालय एवं अग्निशमन व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

शिक्षा विभाग को राजकीय एवं निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों में योग कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। एनएसएस, एनसीसी एवं स्काउट-गाइड के स्वयंसेवकों को भी योग दिवस कार्यक्रमों से जोड़ा जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग को जिला एवं ब्लॉक स्तर पर चिकित्सा दल और एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, जबकि पुलिस एवं परिवहन विभाग को यातायात और सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जिला परिषद, पंचायत समितियों एवं ग्राम पंचायतों को ग्रामीण क्षेत्रों में योग दिवस के प्रचार-प्रसार एवं कार्यक्रमों के सफल आयोजन की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं महिला एवं बाल विकास विभाग को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं महिलाओं की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) प्रतिभा देवतिया, जिला परिषद सीईओ चंद्रभान सिंह भाटी, आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक महाराज सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## नव नियुक्त भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री अजेय कुमार से विधायक कोठारी ने की शिष्टाचार भेंट



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने जयपुर में भारतीय जनता पार्टी के नव नियुक्त प्रदेश संगठन महामंत्री अजेय कुमार से शिष्टाचार भेंट कर उनका अभिनंदन किया तथा भीलवाड़ा जिले के चहुंमुखी विकास एवं संगठन की मजबूती के संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त किया।

इस मौके पर विधायक कोठारी ने मानव सेवा संघ के प्रवर्तक स्वामी श्री शरणानंद जी महाराज से संबंधित संस्मरणों का संकलन तरुतले तथा ओशो की 'भारत एक अमृत पथ' पुस्तक भेंट कर उनका भावपूर्ण स्वागत किया। अजेय कुमार ने पुस्तक का अवलोकन करते हुए इसकी विषयवस्तु की सराहना की तथा इसे राष्ट्र निर्माण,सांस्कृतिक चेतना और भारतीय जीवन मूल्यों को प्रेरित करने वाला उपयोगी साहित्य बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का साहित्य समाज में सकारात्मक विचारों का प्रसार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

भेंट के दौरान विधायक कोठारी ने भीलवाड़ा जिले में चल रहे विकास कार्यों, जनहित के विषयों एवं संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की। अजेय कुमार ने संगठनात्मक कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने तथा जनसेवा के माध्यम से आमजन से निरंतर जुड़े रहने का मार्गदर्शन प्रदान किया।

कोठारी ने विश्वास व्यक्त किया कि अजेय कुमार के नेतृत्व एवं संगठनात्मक अनुभव से राजस्थान में भाजपा संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

इस दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण जी बगड़ी तथा पदाधिकारीयो के साथ ही एडवोकेट अर्पित कोठारी भी उपस्थित रहे।

## जोगणिया माता शक्तिपीठ में आज सहस्त्रधारा अभिषेक, महायज्ञ की होगी पूर्णाहुति

**108 विद्वान पंडितों के सान्निध्य में होंगे वैदिक अनुष्ठान, महाप्रसादी में उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़**



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

श्री जोगणिया माता शक्तिपीठ प्रबंध एवं विकास संस्थान के तत्वावधान में आयोजित सप्त दिवसीय शिवशक्ति महायज्ञ, स्वर्ण कलश प्रतिष्ठा एवं वार्षिक पाटोत्सव महोत्सव बुधवार को धार्मिक उल्लास और भक्ति भाव के साथ संपन्न होगा। महोत्सव के अंतिम दिवस सहस्त्रधारा अभिषेक, महायज्ञ की पूर्णाहुति, कन्या पूजन एवं विशाल महाप्रसादी सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे।

संस्थान के अनुसार कार्यक्रमों की शुरुआत प्रातः 7:15 बजे मां जोगणिया की दिव्य आरती से होगी। इसके पश्चात यज्ञशाला में दैनिक पूजन-अर्चन एवं यज्ञ अनुष्ठान संपन्न होंगे। सुबह 8:15 बजे मां को छप्पन भोग अर्पित किए जाएंगे।

महोत्सव का मुख्य आकर्षण प्रातः 9:15 बजे आयोजित होने वाला दिव्य सहस्त्रधारा अभिषेक रहेगा, जिसमें 108 विद्वान पंडितों के वेदोक्त मंत्रोच्चार के बीच माता रानी का अभिषेक किया जाएगा। दोपहर 12:05 बजे वैदिक विधि-विधान से महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी।

पूर्णाहुति के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए विशाल महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। वहीं दोपहर 12:30 बजे कन्या पूजन कार्यक्रम के माध्यम से कन्याओं का सम्मान एवं पूजन किया जाएगा।

## होलीरड़ा में नव दिवसीय श्रीराम महायज्ञ का शुभारंभ, 101 कलशों की शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब



**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**(जसवंत पारीक)।** निकटवर्ती होलीरड़ा गांव में श्रीराम-जानकी मूर्ति स्थापना, हनुमान मंदिर एवं वीर तेजाजी महाराज के नवनिर्मित मंदिर पर स्वर्ण कलश स्थापना महोत्सव के तहत मंगलवार को नव दिवसीय सप्त कुंडीय श्रीराम महायज्ञ का विधिवत शुभारंभ हुआ। आयोजन के प्रथम दिन धार्मिक उत्साह और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला।

सुबह तेजाजी महाराज मंदिर प्रांगण से 101 जल कलशों की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाएं सिर पर कलश धारण कर शामिल हुईं। शोभायात्रा से पूर्व विभिन्न यज्ञ कुंडों एवं धार्मिक अनुष्ठानों की बोलियां संपन्न हुईं। प्रधान यज्ञ कुंड की बोली 11 लाख 51 हजार रुपये में हरिशंकर रामकरण जाट लुवारिया के नाम छूटी। यज्ञाचार्य गोपाल भट्ट, पंडित भगवती प्रसाद शर्मा एवं किशन शर्मा के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश पूजन, स्नान एवं प्रायश्चित कर्म संपन्न हुए।

शोभायात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए तेजाजी महाराज मंदिर प्रांगण पहुंची, जहां धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हुआ। महोत्सव की विशेषता रही कि क्षेत्र के लगभग 100 गांवों से पहुंची हरि बोल प्रभात फेरियों ने हरिनाम संकीर्तन कर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए भक्ति की अलख जगाई। इस अवसर पर रामसनेहीदास महाराज एवं महंत रामदास त्यागी (फलारी बाबा, सियालिया-बस्सी) सहित अनेक संत-महात्माओं की उपस्थिति रही। वहीं आकोला से भगवान लक्ष्मीनाथ की भव्य शोभायात्रा रथ एवं बैंड-बाजों के साथ होलीरड़ा पहुंची, जहां ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

आयोजन में क्षेत्र के अनेक गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। महायज्ञ के तहत बुधवार से नित्य हवन एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ होंगे।


## बाडियां के बालाजी मंदिर में विधायक कोष से बनेगा 10 लाख रुपए का सार्वजनिक छायागृह



**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**

कस्बे के सवाईपुर रोड स्थित प्रसिद्ध बाडियां के बालाजी मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विधायक कोष से 10 लाख रुपए की लागत से सार्वजनिक छायागृह का निर्माण कराया जाएगा। लंबे समय से मंदिर परिसर में छायागृह निर्माण की मांग की जा रही थी। जिसे अब स्वीकृति मिलने के बाद मूर्त रूप दिया जाएगा।छायागृह निर्माण के लिए बुधवार को आचार्य ब्राह्मण सेवा समिति भीलवाड़ा के जिला अध्यक्ष बद्रीलाल आचार्य के नेतृत्व में समाज के वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों ने मंदिर परिसर का निरीक्षण कर निर्माण स्थल का चयन एवं भूमि चिन्हित की। इस दौरान उपस्थित जनों ने निर्माण कार्य से संबंधित आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा करते हुए इसे शीघ्र प्रारंभ कराने पर जोर दिया। समाजजनों ने बताया कि बाडियां का बालाजी मंदिर क्षेत्र की प्रमुख धार्मिक आस्थाओं का केंद्र है जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इसके अलावा विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों के दौरान भी बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन रहता है। ऐसे में छायागृह का निर्माण होने से श्रद्धालुओं को धूप, गर्मी एवं वर्षा से राहत मिलेगी तथा धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन में भी सुविधा मिलेगी। निरीक्षण के दौरान कोटड़ी आचार्य समाज अध्यक्ष सत्यनारायण आचार्य, संरक्षक चांदमल आचार्य, देवीलाल आचार्य, मदनलाल आचार्य, युवा अध्यक्ष मुकेश आचार्य, कोषाध्यक्ष कैलाशचंद्र आचार्य, रामस्वरूप आचार्य, राजेंद्र आचार्य, पुखराज आचार्य, सुखपाल आचार्य, भेरूलाल आचार्य, देवेंद्र आचार्य सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। समाज के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठजनों ने जहाजपुर कोटड़ी विधायक गोपीचंद मीणा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छायागृह निर्माण से मंदिर आने वाले हजारों श्रद्धालुओं को स्थायी सुविधा उपलब्ध होगी तथा मंदिर परिसर की व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ होगी।



QUICK BITES

## अनाथ बच्चों का सहारा बना गांव, जनसहयोग से जुटी 65 हजार रुपये की सहायता राशि

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



पंडेर ग्राम में मानवीय संवेदनाओं की मिसाल पेश करते हुए ग्रामीणों ने अनाथ हुए दो बच्चों की सहायता के लिए जनसहयोग से 65 हजार रुपये से अधिक की राशि एकत्रित की।

जवाहर नगर निवासी स्वर्गीय भेरू भील के निधन के बाद उनके दो मासूम बच्चे बेसहारा हो गए थे। बच्चों की स्थिति को देखते हुए गांव के युवा गोविंद कुमार ने सोशल मीडिया के माध्यम से सहयोग की अपील की, जिसे ग्रामीणों और आसपास के क्षेत्रों के लोगों ने सकारात्मक रूप से स्वीकार किया।

करीब 10 से 12 दिनों में एकत्रित हुई राशि में से 60 हजार रुपये की एफडी दोनों बच्चों के नाम करवाई गई। शेष राशि बच्चों की शिक्षा एवं अन्य आवश्यक जरूरतों के लिए परिवार को सौंप दी गई। यह प्रक्रिया भील समाज के पंच-पटेलों, मोहल्लावासियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई।

## आरकेआरसी चारभुजा टीम रही वॉलीबॉल शूटिंग प्रतियोगिता के उद्घाटन मेच में विजेता

**महेश नवमी महोत्सवः खिलाड़ियों ने दिखाया शानदार प्रदर्शन, दर्शकों में दिखा उत्साह**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



श्रीनगर माहेश्वरी सभा भीलवाड़ा एवं आरकेआरसी विकास नगर क्षेत्रीय माहेश्वरी सभा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित महेश नवमी महोत्सव के अंतर्गत वॉलीबॉल शूटिंग प्रतियोगिता के द्वितिय दिन मंगलवार को सुबह तीसरा मुकाबला चंद्रशेखर आजाद नगर व बापू नगर के बीच खेला गया जिसमें बापू नगर विजेता रही खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इससे पुर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच आरकेआरसी चारभुजा एवं आजाद नगर के मध्य खेला गया जिसमें आरकेआरसी चारभुजा विजेता रही, जबकि दूसरा मुकाबला भोपालगंज ए एवं भोपालगंज बी के बीच हुआ जिसमें भोपालगंज ए विजेता रही। उद्घाटन मैच बेहद रोमांचक रहा, जिसमें दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। समिति द्वारा दर्शकों के लिए भरपूर गर्मी को देखते हुए अल्पाहार में ठंडाई पिलाने का कार्य किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में योगेश लढा, ओम नराणीवाल, राजेंद्र कचोलिया, अनिल बांगड़, अनिल धूत एवं नारायण लढा उपस्थित रहे। अध्यक्षता नगर सभा अध्यक्ष केदार जागेटिया ने की। इस अवसर पर नगर सभा मंत्री सुरेश बिरला, सुरेश कचोलिया, मनोहर अजमेरा, अभिजीत सारडा, नगर युवा अध्यक्ष अर्चित मूंदड़ा, युवा मंत्री अंकित लखोटिया तथा आरकेआरसी महिला मंडल अध्यक्ष पल्लवी लढा सहित कई गणमान्यजन मंचासीन रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर आरकेआरसी क्षेत्रीय सभा अध्यक्ष कृष्ण गोपाल सोडाणी, कमलेश लाठी, रामपाल असावा, मुकेश बहेड़िया, अनूप समदानी, रूपलाल गगरानी, प्रशांत समदानी, पंकज समदानी, दिलीप कोगटा, नरेंद्र डाड, दिनेश राठी सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के आगामी मुकाबलों को लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## भागवत कथा में उमड़ा आस्था का सैलाब, परीक्षित जन्म और शुकदेव आगमन प्रसंग ने बांधा समां

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।





पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर मंदाकिनी महादेव परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कथा श्रवण के लिए सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचने लगे, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर हो गया। चित्रकूट (उत्तर प्रदेश) से पधारे स्वामी मुक्तानंद सरस्वती महाराज ने कथा के दौरान भागवत महात्म्य का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन को धर्म, भक्ति और सदाचार की दिशा देने वाला दिव्य ज्ञान है। उन्होंने भागवत श्रवण के महत्व एवं उसके आध्यात्मिक उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कथा में महाभारत से जुड़े महत्वपूर्ण प्रसंगों का वर्णन करते हुए महाराज श्री ने राजा परीक्षित के जन्म, श्रृंगी ऋषि के श्राप तथा परम वैरागी संत श्री शुकदेव जी के आगमन का भावपूर्ण चित्रण किया। कथा के प्रसंगों को सुन श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और पूरे पांडाल में भक्ति एवं श्रद्धा का वातावरण बना रहा। आयोजन समिति के सदस्य नृसिंह के सान्निध्य में आयोजित कथा में महंत स्वामी श्यामदास महाराज, शंभूसिंह शक्तावत, योगेश पुरोहित, शांतिलाल गुरुजी, जगदीश विजयवर्गीय, गोपाललाल मेड़तिया, उदयलाल कोली, गोविंद पाराशर, देवीलाल कोली सहित अनेक श्रद्धालु एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे।

## आसीन्द में आज होगा 'नारी चौपाल नारी शक्ति वंदन' कार्यक्रम का आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ आसीन्द ।

महिला एवं बाल विकास विभाग के आदेशानुसार आज नगर में महिलाओं के सशक्तिकरण और जन कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यालय बाल विकास परियोजना अधिकारी प्रवीण कुमार मीणा ने बताया कि आज 'नारी चौपाल नारी शक्ति वंदन' गतिविधियों का आयोजन पंचायत समिति सभागार में होगा ।

जिसमें बड़ी संख्या में नारी शक्ति जुटेगी । कार्यक्रम मुख्य अतिथि विधायक जब्बर सिंह सांखला ,मण्डल अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के सानिध्य में आयोजित होगा।

# पुरुषोत्तम मास में भक्तमाला कथा का शुभारंभ, नाभादास व कबीरदास के जीवन से मिली भक्ति की प्रेरणा

भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास

**(रोशन)।** बरूदनी गांव में पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर आयोजित सात दिवसीय भक्तमाला कथा का सोमवार को श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ शुभारंभ हुआ। कथा के प्रथम दिवस बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर धर्मलाभ प्राप्त किया। प्रथम यजमान के रूप में भीलवाड़ा निवासी आशीष राठी एवं उनके परिवार ने विधिवत पूजा संपन्न करवाई।



गणेश वंदना के साथ कथा का शुभारंभ करते हुए कथावाचक पूज्य श्री अजब रामजी महाराज ने कहा कि जो व्यक्ति भगवान से कभी दूर नहीं होता, वही सच्चा भक्त कहलाता है। उन्होंने भक्त शिरोमणि नाभादास जी महाराज एवं संत कबीरदास जी महाराज के प्रेरणादायक जीवन प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया।

महाराज श्री ने बताया कि नाभादास जी महाराज जन्म से दृष्टिहीन थे, लेकिन उनकी अटूट भक्ति, संत सेवा और प्रभु के प्रति समर्पण ने उन्हें महान संतों की श्रेणी में स्थापित किया। उन्होंने भक्तों के जीवन चरित्रों का संकलन कर अमर ग्रंथ 'भक्तमाला' की रचना की, जो आज भी भक्ति मार्ग के साधकों के लिए प्रेरणास्रोत है।

संत कबीरदास जी महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि कबीरदास जी ने समाज में व्याप्त कुरीतियों, आडंबरों और भेदभाव का विरोध करते हुए प्रेम, सत्य, मानवता और ईश्वर भक्ति का संदेश दिया। उनके दोहे और वाणियां आज भी समाज को सदाचार, परोपकार और आत्मचिंतन की राह दिखाती हैं।

कथा के दौरान प्रस्तुत भजनों ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। 'श्री राधे-श्री राधे' भजन पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे और भक्ति में लीन होकर नृत्य किया। पूरा पंडाल राधे-राधे के जयघोष से गूंज उठा।

इस अवसर पर लादूलाल वैष्णव, अनिल व्यास, गोपाल सारस्वत, अशोक लढ़ा, कैलाश मुंदड़ा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पवनपुत्र साउंड के मधुर संगीत ने कथा के वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया।

# हरि शेवा उदासीन आश्रम में पुरुषोत्तम मास के अवसर पर शिवमहापुराण कथा की अविरल गंगा

**शिवपुराण के श्रवण मात्र से धर्म भक्ति और सदाचार की दिशा मिलती है - स्वामी डॉ. निर्मल दास जी महाराज**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।





सनातन सेवा समिति, हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर एवं महामंडलेश्वर स्वामी श्री हंसराम जी उदासीन महाराज के सान्निध्य में पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर आयोजित श्री शिवमहापुराण कथा महोत्सव के द्वितीय दिवस व्यासपीठ से उदासीन संस्कृत विद्यालय, काशी (उ.प्र.) के प्रख्यात विद्वान कथाव्यास स्वामी डॉ. निर्मल दास जी महाराज ने भगवान शिव की महिमा का विस्तृत वर्णन करते हुए कहा कि शिवमहापुराण की कथा मानव जीवन को धर्म, भक्ति एवं सदाचार के मार्ग पर अग्रसर करती है। स्वामी जी ने कहा कि शिवमहापुराण की कथा का शुभारंभ प्रयागराज में गंगा, यमुना एवं सरस्वती के पावन संगम के माहात्म्य से होता है, जो आध्यात्मिक शुद्धि एवं ईश्वर प्राप्ति का प्रतीक है। कथा व्यास स्वामी डॉ. निर्मल दास जी महाराज ने कहा कि इस संसार में जिसका जन्म हुआ है, उसका नियत समय आने पर जाना भी निश्चित है। यह जीवन एक धर्मशाला के समान है, जहां जीव कुछ समय के लिए ठहरता है। उन्होंने कहा कि मानव देह अत्यंत दुर्लभ है, जिसे प्राप्त करने के लिए देवता भी लालायित रहते हैं। इस देह पर जीव का अधिकार है, इसलिए इसे भगवान की भक्ति, सत्संग और परोपकार में लगाकर जीवन को सफल बनाना चाहिए। उन्होंने श्रद्धालुओं से आत्मचिंतन का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को यह विचार करना चाहिए कि शेष जीवन किस प्रकार व्यतीत करना है। परम पिता परमात्मा की भक्ति ही जीवन का वास्तविक लक्ष्य है। पुरुषोत्तम मास जैसे दुर्लभ और पुण्यदायी अवसर का लाभ उठाते हुए मनुष्य को निसंकोच होकर भक्ति और सत्संग रूपी आनंद में डूब जाना चाहिए। स्वामी जी ने कहा कि कलियुग में पुण्य अर्जित करना कठिन प्रतीत होता है, इसलिए संतों के सान्निध्य और सत्संग के माध्यम से पुण्य संचय का मार्ग प्रशस्त होता है। सतयुग और त्रेतायुग में पाप वर्जित थे, जबकि कलियुग में लोग पुण्य के मार्ग को ही भूलते जा रहे हैं। ऐसे समय में संत-महात्माओं का सान्निध्य और धर्मग्रंथों का श्रवण मनुष्य के कल्याण का सर्वोत्तम साधन है।

उन्होंने शिवमहापुराण की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि यह ऐसा दिव्य ग्रंथ है जिसके श्रवण, दर्शन एवं श्रद्धापूर्वक मनन से मनुष्य का कल्याण होता है। चतुर्दशी के दिन उपवास करने तथा शिवपुराण का श्रवण करने से जन्म-जन्मांतर के पाप नष्ट होते हैं। उन्होंने उपवास का आध्यात्मिक अर्थ बताते हुए कहा कि 'उप' का अर्थ समीप और 'वास' का अर्थ बैठना है, अर्थात भगवान के समीप होना ही वास्तविक उपवास है। स्वामी जी ने कहा कि शिवपुराण मनुष्य को जीवन जीने की कला सिखाता है। जीवन सात दिनों के प्रतीक के समान है, क्योंकि जीवन में आठवां दिन कभी नहीं आता। जो श्रद्धालु शिवपुराण की सातों संहिताओं का श्रद्धापूर्वक श्रवण करता है, उसके पाप नष्ट होकर जीवन मंगलमय बन जाता है। उन्होंने भगवान शिवलिंग की उत्पत्ति का दिव्य प्रसंग सुनाते हुए बताया कि शिवलिंग सृष्टि में परम ब्रह्म के अनंत स्वरूप का प्रतीक है, जिसका न आदि है और न अंत।

कथा में ब्रह्माजी एवं भगवान विष्णु के मध्य श्रेष्ठता को लेकर उत्पन्न विवाद का वर्णन करते हुए महाराज श्री ने बताया कि दोनों देवताओं के मध्य युद्ध की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। तब समस्त देवताओं ने भगवान शिव से प्रार्थना कर इस विवाद को समाप्त करने की विनती की। देवताओं की प्रार्थना पर भगवान शिव दोनों के मध्य एक दिव्य एवं अनंत ज्योतिर्मय स्तंभ के रूप में प्रकट हुए। ब्रह्मा और विष्णु उस स्तंभ का आदि और अंत खोजने में असफल रहे, जिससे उन्हें भगवान शिव की परम महिमा एवं सर्वश्रेष्ठता का बोध हुआ। स्वामी डॉ. निर्मल दास जी महाराज ने शिवपूजन की महिमा बताते हुए कहा कि भगवान शिव ऐसे आराध्य देव हैं जिनकी पूजा किसी भी जाति, वर्ग, आयु अथवा सामाजिक स्थिति का व्यक्ति श्रद्धा एवं भक्ति के साथ कर सकता है। शिवभक्ति सभी के लिए समान रूप से कल्याणकारी है तथा भक्त को आत्मिक शांति एवं मोक्ष का मार्ग प्रदान करती है। कथा के दौरान 'शिव भोला भंडारी, शरण हम आए तिहारी, राखो लाज हमारी, शरण हम आए तिहारी' भजन की प्रस्तुति पर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भगवान शिव का गुणगान करते हुए नृत्य किया तथा 'हर-हर महादेव' के जयघोषों से समूचा वातावरण शिवमय हो गया। स्वामी डॉ. निर्मल दास जी महाराज ने भगवान शिव की अनंत महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि शिवपुराण का श्रवण मनुष्य के जीवन को धर्म, भक्ति और सदाचार की दिशा प्रदान करता है। उन्होंने शिवमहापुराण के माहात्म्य का वर्णन करते हुए कहा कि कलियुग में भगवान शिव का स्मरण, नाम-जप एवं कथा-श्रवण अत्यंत सरल और प्रभावशाली साधना है। उन्होंने कहा कि शिवभक्ति से मनुष्य के अंतःकरण की शुद्धि होती है तथा उसे आत्मिक शांति और ईश्वर कृपा की प्राप्ति होती है। स्वामी जी ने शिव महापुराण का यह श्लोक सुनाया- 'यत्र यत्र स्थितो देवः सर्वव्यापी महेश्वरः।

स्मरणादेव शम्भोश्च नश्यन्ति सकला घृणाः॥'

अर्थात भगवान महेश्वर सर्वत्र विद्यमान हैं। श्रद्धा एवं भक्ति से उनके स्मरण मात्र से मनुष्य के पाप, दुःख और मानसिक विकार दूर होने लगते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान शिव का संदेश समस्त मानवता के लिए प्रेम, करुणा, सेवा और सद्भाव का संदेश है। कथा के उपरांत महा आरती का आयोजन हुआ तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

इससे पूर्व प्रातःकालीन श्री विष्णु यज्ञ में कन्हैया मोरयानी, हरीश-निशा आडवाणी, राजा - वर्षा टिक्यानी, रमेश मून्दडा एवं हनुमान प्रसाद अग्रवाल ने आहुतियां अर्पित कर विश्व शांति एवं जनकल्याण की कामना की तथा महादेव का रुद्राभिषेक किया। आश्रम के संत माया रामजी और संत गोविन्द राम ने बताया की प्रतिदिन सायंकाल काशी की तर्ज पर भव्य गंगा आरती, दुर्गा सप्तशती पाठ एवं अखंड रामधुन का आयोजन हो रहा है। उन्होंने सभी धर्म प्रेमी श्रद्धालुओं से पुरषोत्तम मास में चल रहे धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह किया है।

# काछोला मे तहसील स्तरीय महेश नवमी महोत्सव की तैयारियां तेज, गांव-गांव पहुंचकर दिया सपरिवार आमंत्रण

**समाज की एकता और सेवा का दिया संदेश, 23 जून को काछोला में होगा तहसील स्तरीय आयोजन**

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।





कस्बे में आयोजित होने वाले माण्डलगढ़ तहसील स्तरीय महेश नवमी महोत्सव की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। तहसील माहेश्वरी सभा के मंत्री ओमप्रकाश लढ़ा ने बताया कि तहसील सभा अध्यक्ष ओमप्रकाश मूंदड़ा एवं काछोला नगर अध्यक्ष सूरतराम गगरानी के नेतृत्व में 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर समाजजनों को महोत्सव में सपरिवार शामिल होने का निमंत्रण दिया।

प्रतिनिधिमंडल ने थलकला, सरथला, झंझोला, मांगटला, मालकाखेड़ा, जलीन्द्री, अमरपुरा, उन्द्रोकाखेड़ा, धनवाड़ा, श्यामपुरा, बीकरण, मोहनपुरा, नीमकाखेड़ा, लाडपुरा, आरोली तथा सलावटिया सहित कई गांवों का भ्रमण कर कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी दी तथा आयोजन को भव्य बनाने के लिए समाज के लोगों से सुझाव भी लिए।

ग्राम झंझोला में सरपंच दुर्गालाल काबरा एवं पूर्व सरपंच रामस्वरूप काबरा ने नवनिर्वाचित तहसील अध्यक्ष मूंदड़ा और काछोला अध्यक्ष गगरानी का तिलक, माल्यार्पण एवं साफा बंधवाकर स्वागत किया। वहीं श्यामपुरा में गोपाल तुरक्या, सुरेश सोडानी, घीसूलाल जाजू, ओमप्रकाश जाजू, राजकुमार आगाल, राधेश्याम तुरक्या तथा कंवरलाल मंडोवरा सहित समाजजनों ने दोनों पदाधिकारियों का सम्मान किया।

प्रतिनिधिमंडल में पूर्व तहसील अध्यक्ष रमेशचंद्र बसेर, शंकरलाल सोडानी, राधेश्याम मालू, कैलाशचंद्र मंत्री, परमेश्वर मंत्री, दिनेश दाखेड़ा एवं गणेश मालू सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। इस अवसर पर नंदकिशोर नुवाल, राजू, परमेश्वर, जगदीश काबरा सहित अनेक समाजजन उपस्थित थे।

तहसील अध्यक्ष ओमप्रकाश मूंदड़ा ने समाज की एकता पर बल देते हुए सभी से आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया। वहीं पूर्व तहसील अध्यक्ष रमेशचंद्र बसेर ने त्याग, सदाचार एवं सेवा की भावना को समाज की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए महोत्सव में अधिकाधिक भागीदारी की अपील की।

# गंगापुर में शोभा यात्रा के साथ सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ





**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर**

नगर में सात दिवसीय भागवत महापुराण कथा मंगलवार से शुरू हो गई है। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। आयोजक गोयल परिवार के छोटूलाल माली ने बताया कि नगर के मंडी रोड़ स्थित माहेश्वरी सेवा संस्थान परिसर में मंगलवार से 15 जून तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे कथा व्यास गुरुदेव राष्टीय संत डॉ. पंडित मिथिलेश नागर (भागवत भास्कर, गुरूपीठ निनौराधाम, मध्यप्रदेश) के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का वाचन किया जाएगा। साथ ही भागवत कथा के पावन अवसर के दौरान भागवत महात्मय, नारद चरित्र, कपिल अवतार, ध्रुव चरित, भरत चरित, नृसिंह अवतार, वामन अवतार, राम जन्म, कृष्ण जन्म, नंदोत्सव, कृष्ण बाल लीला, गोवर्धन पूजा, रुकमणी विवाह, सुदामा चरित्र आदि की आकर्षक एवं मनमोहन प्रस्तुतियां दी जाएगी। कथा को लेकर मंगलवार सुबह भव्य शोभायात्रा पंचतीर्थ बालाजी मंदिर से गाजे बाजे के साथ निकाली गई जो शिवरती गेट, ज्ञानजी का चौक, कुण्ड चौक, मस्जिद चौक, मुख्य बाजार, सहाड़ा चौपाटी होते हुए कथास्थल पहुंची।शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु नाचते गाते साथ चल रहे थे। शोभायात्रा का कई स्थानों पर पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया वहीं नगरवासियों में इस भागवत महापुराण कथा को लेकर काफी उत्साह है। पूरा गंगापुर कस्बा भक्तिमय रंग में रंग चुका है।

# सात दिन में संस्कार, व्यक्तित्व और कौशल का संगम, अणुव्रत व्यक्तित्व विकास शिविर का हुआ समापन







**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचन्द पेसवानी**

अणुव्रत के सिद्धांतों पर आधारित बेहतर जीवनशैली, नैतिक मूल्यों और व्यक्तित्व विकास का संदेश देने वाला सात दिवसीय अणुव्रत व्यक्तित्व विकास शिविर-2026 उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। शोभा लाइब्रेरी में अणुव्रत समिति शाहपुरा के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में बच्चों और युवाओं को संस्कार, स्वावलंबन, स्वास्थ्य तथा सामाजिक चेतना का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

अणुव्रत अनुशास्ता पूज्य महाश्रमण के विद्वान शिष्यों अग्रणी सुरेशजी हरनावा, अणुव्रत प्राध्यापक मुनि मनन कुमारजी, मुनि जयवर्धनजी पीयूष, मुनि मेधांशजी एवं मुनि विशालजी की प्रेरणा से आयोजित शिविर का शुभारंभ मंगल पाठ के साथ हुआ। शिविर के सूत्रधार गोपाल पंचोली ने आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां निर्धारित करते हुए कैलाश शर्मा को शिविर प्रभारी, ओमप्रकाश माली को कंप्यूटर हार्डवेयर प्रशिक्षण, नीरज रजवानी को आनंदोत्सव तथा सांवरियालाल गाडरी को पंजीयन की जिम्मेदारी सौंपी।

प्रतिदिन आयोजित सत्रों में अणुव्रत गीत, अणुव्रत आचार संहिता, स्वावलंबन के लिए कंप्यूटर प्रशिक्षण, रचनात्मक कौशल विकसित करने के लिए आनंदोत्सव, स्मृति विकास हेतु डायरी लेखन तथा जीवन विज्ञान के प्रयोग करवाए गए। प्रतिभागियों को सात्विक नाश्ता और दूध उपलब्ध कराकर स्वास्थ्य संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

शिविर की विशेषता यह रही कि प्रतिभागियों को प्रतिदिन प्रातः भ्रमण के दौरान शाहपुरा के प्रमुख धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कराया गया। चारभुजा नाथ मंदिर, बालाजी की छतरी, राजमहल और यंग स्पोर्ट्स क्लब में खिलाड़ियों की उपलब्धियों से परिचित कराया गया। वॉलीबॉल कोच राजेन्द्र धाबाई ने शाहपुरा की खेल परंपरा और राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियों की जानकारी दी।

दूसरे दिन पीवनिया तालाब, हजारेश्वर महादेव और भाना गणेश के दर्शन के साथ वैद्य रामस्वरूप ने स्वास्थ्य और उन्नति के सूत्र बताए। वरिष्ठ पत्रकार एवं शाहपुरा संवाद के संपादक मूलचंद पेसवानी ने शिविरार्थियों को जीवन में अनुशासन और सीखने की निरंतरता का महत्व समझाया।

तीसरे दिन श्रीराम मंदिर और त्रिमूर्ति स्मारक का भ्रमण कराया गया, जहां अणुव्रत समिति अध्यक्ष रामस्वरूप काबरा, सुरेशचंद्र घुसर और कैलाश चारण ने बारहठ परिवार के स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए योगदान की जानकारी दी। चौथे दिन अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय की प्रधान पीठ रामनिवास धाम में कार्यवाहक भंडारी संत नवनिध राम महाराज ने धाम के इतिहास और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर धरती देवरा में गोष्ठी तथा मुखर्जी उद्यान में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें समाजसेवी राजेश सोलंकी और कैलाश कोली ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अंतिम दिन घोर अभिग्रही संत वेणी मोहनजी के धाम में ध्यान सत्र आयोजित हुआ, वहीं पूर्व अध्यक्ष सोमेश्वर व्यास ने शाहपुरा के इतिहास तथा दुर्लभ सिक्कों, मुद्रा और संग्रहालय सामग्री से प्रतिभागियों को अवगत कराया।

समापन समारोह में रामप्रसाद पारीक, तेजपाल उपाध्याय, गीतकार सत्येंद्र मंडेला, राजकुमार बैरवा, उर्मिला कुम्हार, प्रियंका माली, बालकृष्ण शर्मा और परमेश्वर गाडरी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुनि श्री जयवर्धनजी पीयूष के मंगल पाठ के साथ समारोह संपन्न हुआ। शिविर प्रभारी कैलाशचंद शर्मा ने 'फिर मिलेंगे, साथ चलेंगे' के उद्घोष के साथ शिविर समापन की घोषणा की, जबकि सूत्रधार गोपाल पंचोली ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सभी शिविरार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं शिक्षण सामग्री प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# भीलपुरिया बस्ती में विधिक जागरूकता शिविर, महिलाओं को बताए अधिकार और कानूनी प्रावधान

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**



महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने एवं निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार को कस्बे की भीलपुरिया बस्ती में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न कानूनी विषयों की जानकारी प्राप्त की।

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष रूपल अग्रवाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर में महिलाओं को घरेलू हिंसा से संरक्षण, महिला सुरक्षा कानून, बाल विवाह निषेध अधिनियम, शिक्षा के अधिकार तथा सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई।

पीएलवी सुनीता नायक एवं गोपाल पाराशर ने उपस्थित महिलाओं को बताया कि जरूरतमंद व्यक्ति किस प्रकार निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं तथा कानूनी समस्याओं के समाधान के लिए विधिक सेवा संस्थाओं का लाभ कैसे लिया जा सकता है। उन्होंने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और किसी भी प्रकार के अन्याय की स्थिति में कानूनी सहायता लेने के लिए प्रेरित किया। शिविर में पार्वती भील, आशा भील, सुशीला भील, भूति भील, भवानी भील, सुमन भील, शांति भील, प्रेम भील, लीला भील, सामी भील, मनभर भील, भानी भील, कविता भील, सरोज भील, संतोष मीणा, परमेश्वरी मीणा, कृष्णा कालबेलिया सहित बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता रही।

# गुर्जरगौड़ ब्राह्मण महासभा को मिला नया नेतृत्व, सत्यनारायण शर्मा बने भीलवाड़ा शहर अध्यक्ष

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

अखिल भारतवर्षीय श्री गुर्जरगौड़ ब्राह्मण महासभा जिला इकाई की महत्वपूर्ण बैठक जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद जोशी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से सत्यनारायण शर्मा को भीलवाड़ा शहर अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में राष्ट्रीय पदाधिकारी कांतिचंद व्यास, रामपाल शर्मा, प्रभाकर चतुर्वेदी, चेतन चौबे, जगदीश चंद्र शर्मा एवं आर. एम. शर्मा सहित कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।




नवमनोनीत शहर अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा

का सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अभिनंदन किया। इस अवसर पर उन्हें आगामी 15 दिनों के भीतर शहर कार्यकारिणी का गठन कर घोषणा करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक के दौरान संगठन की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने तथा समाज हित के कार्यों को गति देने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित पदाधिकारियों ने सत्यनारायण शर्मा को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

## QUICK BITES

# खैरियत से लौटने वाले सुभाष नगर हाजियों का हुआ शानदार इस्तकबाल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



45 दिन की हज यात्रा पर गए सुभाष नगर के हाजी बाबू भाई मंसूरी और हाजी इदरीश सिलावट का फजर की नमाज के बाद भीलवाड़ा पहुंचने पर सुभाष नगर मलाण के गण मान्य नागरिकों ने सुखाडिया सर्कल पर फूल मालाओं से शानदार इस्तकबाल किया और उन्हें मजहबी साज और आवाज के साथ घर तक पहुंचाया ।

इस मौके पर दोनों हाजियों ने बताया कि उनके सभी अरकान बहुत ही सुकून और तसल्ली के साथ पूरे हुए और उन्होंने हिंदुस्तान की तरक्की, भाईचारा, सुख शांति के लिए दुआएं मांगी । हाजियों ने बताया कि इस बार सऊदी सरकार ने हिंदुस्तान से गए हाजियों को अपने स्तर पर खाना बनाने की इजाजत नहीं दी जिसके कारण हाजियों को लाइन में लगकर कई परेशानियों का सामना करना पड़ा, भारत सरकार को अपने देश के हाजियों लिए सऊदी सरकार से इस संबंध में बात करनी चाहिए।

इस मौके पर सुभाष नगर मस्जिद उस्मानिया के इमाम अब्बू जफर सिद्दीकी, सदर इकबाल खां पठान भाई चारा कमेटी के सरपरस्त शहजाद खान, इंजीनियर हाजी अहमद नूर , सदर नाहर खा कायमखानी, महासचिव डॉक्टर फखरुद्दीन मंसूरी,खजांची फखरुद्दीन शेख, नायब सदर फूल मोहम्मद, मास्टर फौजदार खान, यासीन खां, रशीद पठान, युसूफ भाई, सलीम मंसूरी, हाजी सिद्दीक पठान, हाजी शब्बीर पठान,ठाकुर महेंद्र सिंह, सत्य नारायण उपाध्याय, गणपत शर्मा, रामकरण जाट, हेमंत शर्मा सहित सुभाष नगर के गणमान्य नागरिक एवं महिलाएं उपस्थित थी ।

# विजयनगर में होने वाले विप्र महाकुंभ को लेकर बैठक आयोजित, समाजजनों को दिया निमंत्रण

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**



**(दिलखुश)** राजस्थान ब्राह्मण महासभा एवं विप्र फाउंडेशन के तत्वावधान में 17 जून को विजयनगर में आयोजित होने वाले प्रतिष्ठापना समारोह एवं विप्र महाकुंभ को लेकर भगवान कल्याण महाराज मंदिर में ब्राह्मण समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाजजनों को महाकुंभ में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए विप्र फाउंडेशन जोन अजमेर के अध्यक्ष नवीन शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय संत प्रखर महाराज की प्रेरणा से विजयनगर कृषि मंडी प्रांगण में विप्र समाज की एकता एवं संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से महाकुंभ आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में 200 से 300 बच्चों सहित विभिन्न आयु वर्ग के लोगों का वैदिक रीति-रिवाजों से यज्ञोपवीत संस्कार कराया जाएगा।

केकड़ी एमएलडी ग्रुप के चंदू बाबू शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें घोड़े, हाथी, रथ एवं मांगलिक कलश शामिल रहेंगे। उन्होंने समाज के लोगों से अधिकाधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लेने एवं विप्र फाउंडेशन की सदस्यता ग्रहण करने का आह्वान किया।

बैठक में रमेश त्रिवेदी, सत्यनारायण शर्मा, रामलक्ष्मण शर्मा, रमेश पाराशर, राजेश शर्मा, किशन बल्लभ पारीक, राजू पारीक, अनिल शर्मा, रामगोपाल कंपाउंडर, पंकज कुमार नायक सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे।

# आंधी, तूफान व ओलावृष्टि से किसानों को भारी नुकसान, सोलर पैनल टूटे

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**



**(दिलखुश)** नगरपालिका क्षेत्र में सोमवार देर शाम आए तेज आंधी, तूफान एवं ओलावृष्टि ने किसानों की चिंताएं बढ़ा दीं। अचानक बदले मौसम के चलते कई किसानों के कुओं पर लगे सोलर पम्पों के सोलर पैनल क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज हवाओं के साथ आए तूफान ने खेतों में स्थापित सोलर संयंत्रों को बुरी तरह प्रभावित किया। कई स्थानों पर सोलर पैनल टूटकर बिखर गए तो कहीं उनके स्टैंड और ढांचे भी क्षतिग्रस्त हो गए। सोलर पम्प सिंचाई का प्रमुख साधन होने के कारण किसानों को अब फसलों की सिंचाई को लेकर भी चिंता सताने लगी है।

क्षेत्र के किसानों ने बताया कि सोलर पैनलों की मरम्मत एवं पुनः स्थापना में काफी खर्च आएगा। पहले से मौसम की मार झेल रहे किसानों के लिए यह नुकसान किसी बड़े झटके से कम नहीं है। आंधी और ओलावृष्टि के कारण खेतों में खड़ी फसलों को भी नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है।

ग्रामीणों एवं किसानों ने प्रशासन से प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे करवाकर वास्तविक नुकसान का आकलन करने तथा किसानों को उचित मुआवजा प्रदान करने की मांग की है। वहीं शाम को आए तूफान के कारण क्षेत्र में कुछ समय के लिए जनजीवन भी प्रभावित रहा और लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष का जश्न, भाजपाई जिलेभर में आज करेंगे देव दर्शन

## शहर में टंकी के बालाजी पर होगा हनुमान चालीसा का पाठ

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

केंद्र में नरेन्द्र मोदी सरकार के सफलतम एवं ऐतिहासिक 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में जिला भाजपा द्वारा मनाए जा रहे विकास, विश्वास और जनकल्याण के जश्न के तहत जिलेभर के देवालयों में आज भाजपाइयों द्वारा देवदर्शन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इसमें भाजपा के समस्त जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि जिला मुख्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशान्त मेवाड़ा के सानिध्य में आज प्रातः 8 बजे टंकी के बालाजी मन्दिर में देव दर्शन एवं सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का कार्यक्रम रहेगा। इसमें बड़ी संख्या में शहर के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु जीवन एवं उत्तम स्वास्थ्य के साथ उनके नेतृत्व में निरंतर राष्ट्र के विकास की कामना करेंगे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।